बहराइच।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव श्रावस्ती जिले के दौरे पर आने के दौरान न सिर्फ हौसला पोषण मिशन योजना की शुरुवात की, बल्कि बहराइच सहित पूरे उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में राजस्व विभाग के बेरोजगार सीजनल संग्रह अनुसेवकों के बेरोजगारी दूर करने के लिये जल्द विभाग में समायोजन का भरोसा भी जताया।

बहराइच सहित प्रदेश के तमाम जिलों में राजस्व विभाग के बेरोजगार अनुसेवक पिछले कई वर्षों से बेरोजगारी की जिंदगी बसर कर रहे है, प्रदेश सरकार ने राजस्व विभाग के सीजनल संग्रह अमीनों का तो कई चक्रों में समायोजन किया। लेकिन सरकार ने राजस्व विभाग के सीजनल अनुसेवकों का समायोजन नहीं किया। जिसकी वजह से प्रदेश में राजस्व विभाग में बड़ी संख्या में अनुसेवक बेरोजगार होतें रहें। लगातार मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के जिम्मेदारों को कई बार इस प्रकरण से अवगत भी कराया गया लेकिन अभी तक अनुसेवकों का समायोजन नही हों सका।